Adda247

GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

Test Date	12/06/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB NTPC Graduate Level I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

Q.1 120 m लंबी एक ट्रेन, 9 km/hr की चाल से (समान दिशा में) चल रहे एक व्यक्ति को 18 सेकंड में पार कर लेती है। यह ट्रेन 27 km/hr की चाल से, विपरीत दिशा में चल रही 230 m लंबी दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकेंड में) लेगी?

Ans
- ✗ 1. 35
- ✗ 2. 33
- ✓ 3. 21
- ✗ 4. 17

Q.2 इस प्रश्न में, संख्याओं के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षरों और प्रतीकों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

संख्या	7	8	2	3	4	5	6
कोड	Z	Q	*	@	#	$	T

शर्तें:
1. यदि पहला और दूसरा अंक सम है, तो दोनों को 'A' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
2. यदि पहला और अंतिम अंक विषम है, तो दोनों को पहले अंक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
3. यदि तीसरा और चौथा अंक सम है, तो उनके कूटों को आपस में बदला जाना है।

निम्नलिखित अंकों के लिए कूटों का सही संयोजन (केवल उपयुक्त शर्त/शर्तों का अनुसरण करके) क्या होगा?

38159

Ans
- ✗ 1. @ Q J $ S
- ✗ 2. S Q J $ S
- ✓ 3. @ Q J $ @
- ✗ 4. S Q J $ @

Q.3 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. WC – AV
- ✓ 2. MS – PL
- ✗ 3. DJ – HC
- ✗ 4. FL – JE

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

70,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.4 विश्व कप स्टेज 1, 2025 में रजत पदक जीतने वाली भारत की रिकर्व पुरुष तीरंदाजी टीम के सदस्य कौन हैं?

Ans
✔ 1. धीरज बोम्मदेवरा, अतनु दास और तरूणदीप राय
✘ 2. तरूणदीप राय, जयंत तालुकदार और राहुल बनर्जी
✘ 3. धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अतनु दास
✘ 4. अतनु दास, अभिषेक वर्मा और तरूणदीप राय

Q.5 निम्नलिखित में से कौन, भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति करता है?

Ans
✘ 1. भारत के मुख्य न्यायाधीश
✘ 2. लोकसभा अध्यक्ष
✘ 3. प्रधानमंत्री
✔ 4. भारत के राष्ट्रपति

Q.6 यदि $a^2 + b^2 = 168$, $a \times b = 27$, और a > b है, तो $\frac{a - b}{a + b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\frac{57}{111}$
✘ 2. $\frac{55}{121}$
✘ 3. $\sqrt{\frac{53}{121}}$
✔ 4. $\sqrt{\frac{57}{111}}$

Q.7 बजट 2025-26 के दौरान घोषित वह नई योजना कौन-सी थी जो 100 कम उत्पादकता वाले जिलों को लक्षित करती है और कृषि उत्पादकता, फसल विविधीकरण, संधारणीय पद्धतियों, सिंचाई और फसल की कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है?

Ans
✘ 1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
✘ 2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
✔ 3. प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना
✘ 4. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना

Q.8 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है

(बाएं) & 5 @ 9 7 £ $ 5 $ 9 8 8 8 * $ $ # * 1 7 1 4 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
✘ 1. 3
✔ 2. 2
✘ 3. 4
✘ 4. 1

Q.9 मार्च 2025 में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे?

Ans
✘ 1. मालदीव
✘ 2. श्रीलंका
✔ 3. मॉरीशस
✘ 4. भूटान

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.10 एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 4π वर्ग cm^2 है। गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{5\pi}{3}$ cm^3 ✗
2. $\frac{2\pi}{3}$ cm^3 ✗
3. $\frac{4\pi}{3}$ cm^3 ✓
4. $\frac{13\pi}{3}$ cm^3 ✗

Q.11 दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तरदीजिए।
(विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएं उस वर्ग के व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करती हैं।)



ऐसे कितने वैज्ञानिक हैं जो अग्निशमनकर्मी भी हैं लेकिन डाकिया नहीं हैं?

Ans
1. 6 ✓
2. 20 ✗
3. 15 ✗
4. 16 ✗

Q.12 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FARE' को '8432' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FEAT' को '3287' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 8 ✗
2. 2 ✗
3. 3 ✗
4. 4 ✓

Q.13 एक खोखला गोलाकार खोल 11 g/cm^3 घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएं क्रमशः 3 cm और 6 cm हैं। खोल का वजन (kg में) कितना है?

($\pi = \frac{22}{7}$ तथा घनत्व = द्रव्यमान/आयतन मानिए)

Ans
1. 8.712 ✓
2. 5.712 ✗
3. 9.82 ✗
4. 9.87 ✗

Q.14 जनवरी 2025 में, राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान को बढ़ावा देने के लिए किस थीम का उपयोग किया गया?

Ans
1. आपका वोट, आपकी आवाज़ ✗
2. अभी वोट करें, भविष्य संवारें ✗
3. समावेशी और सुलभ चुनाव ✗
4. वोटिंग जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम ✓

Q.15 द्विघात समीकरण $3x^2 - 4x + 2 = 0$ का विविक्तकर ज्ञात कीजिए, तथा इससे इसके मूलों की प्रकृति निर्धारित कीजिए।

Ans
1. विविक्तकर = −8, मूल काल्पनिक हैं
2. विविक्तकर = 8, मूल वास्तविक और भिन्न-भिन्न हैं
3. विविक्तकर = −8, मूल वास्तविक और भिन्न-भिन्न हैं
4. विविक्तकर = 8, मूल वास्तविक और समान हैं

Q.16 $\frac{2^2 \times 9^3}{\sqrt{4} \times \sqrt{6561}}$ को सरल कीजिए।

Ans
1. 23
2. 18
3. 21
4. 27

Q.17 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। D के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। A के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। A और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। G को B के ठीक ऊपर रखा गया है। C को F के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। G के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 5
2. 3
3. 2
4. 4

Q.18 मार्च 2025 में, किस बैंक ने 'ग्लोबल वूमेन NRE और NRO बचत खाता' शुरू किया?

Ans
1. बैंक ऑफ बड़ौदा
2. एक्सिस बैंक
3. भारतीय स्टेट बैंक
4. पंजाब नेशनल बैंक

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा शहर, 2025 में COP30 जलवायु शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा?

Ans
1. टोक्यो, जापान
2. पेरिस, फ्रांस
3. नैरोबी, केन्या
4. बेलेम, ब्राज़ील

Q.20 निम्नलिखित में से कौन, संबलपुर के 1857 के विद्रोह का लीडर था?

Ans
1. अल्लूरी सीताराम राजू
2. वीर सुरेंद्र साई
3. बुधु भगत
4. गोविंद गुरु

Q.21 तीन संख्याएँ 1 : 5 : 6 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 5250 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 193
2. 183
3. 171
4. 175

Adda247

Q.22 यदि आठ-अंकीय संख्या 51883p47, 9 से विभाज्य है, तो p का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7
2. 9 ✔
3. 8
4. 5

Q.23 'औस', 'अमन' और 'बोरो' असम, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में निम्नलिखित में से किसकी महत्वपूर्ण फसलें हैं?

Ans
1. धान ✔
2. गेहूं
3. कपास
4. सरसों

Q.24 प्रतिरोध को परिवर्तित करने के लिए परिपथ में सामान्यतः किस घटक का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. डायोड
2. ट्रांसफार्मर
3. धारा-नियंत्रक ✔
4. वोल्टमीटर

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KUQC एक निश्चित तर्क के अनुसार MYSG से संबंधित है। OCUK उसी तर्क के अनुसार QGWO से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए SKYS दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. TPAX
2. UOAW ✔
3. TNBV
4. VPZX

Q.26 यदि संख्या 3651724 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरे अंक तथा दायीं ओर से पहले अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 8
2. 10
3. 12
4. 14 ✔

Q.27 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹15,015 है। यदि उनके मूल्य 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
1. 21,021 ✔
2. 7,007
3. 9,009
4. 5,005

Q.28 पुस्तक 'पर्वत शिरोमणि भगत सिंह कोश्यारी (Parvat Shiromani Bhagat Singh Koshyari)' निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई है?

Ans
1. अरुण शौरी
2. गोपीचंद पी हिंदुजा
3. पीएस रमन
4. मदन मोहन सती ✔

Adda247

Q.29	शान बिंदु A से शुरू करता है और उत्तर की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)	
Ans	✗ 1. 2 km, पूर्व की ओर ✗ 2. 4 km, पूर्व की ओर ✓ 3. 1 km, पूर्व की ओर ✗ 4. 3 km, पूर्व की ओर	

Q.30	यदि x का 2%, 360 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 36100 ✗ 2. 36000 ✗ 3. 18100 ✓ 4. 18000	

Q.31	यदि 5.1 : 96.9 :: 96.9 : x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 1845.8 ✓ 2. 1841.1 ✗ 3. 1837.9 ✗ 4. 1844.3	

Q.32	भारत में किस चरण और वर्ष के दौरान स्थिर जनसंख्या वृद्धि दर अवलोकित की गई?	
Ans	✗ 1. चरण IV: 1981-2011 ✗ 2. चरण III: 1951-1981 ✓ 3. चरण II: 1921-1951 ✗ 4. चरण I: 1891-1921	

Q.33	A और B किसी कार्य को क्रमशः 11 दिन और 33 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया, लेकिन 3 दिन बाद B को कार्य छोड़ना पड़ा और A ने शेष कार्य अकेले ही पूरा किया। शेष कार्य कितने दिनों में पूरा हुआ?	
Ans	✗ 1. 10 ✗ 2. 12 ✓ 3. 7 ✗ 4. 11	

Q.34	एक विक्रेता ₹48,884 में 44 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹35,252 में 28 लैपटॉप बैग की दर से बेचता है। ₹6,956 का लाभ अर्जित करने के लिए कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?	
Ans	✓ 1. 47 ✗ 2. 20 ✗ 3. 37 ✗ 4. 17	

Q.35	A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाईं ओर से गिनती करने पर A और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, T के ठीक बाईं ओर बैठा है। S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?	
Ans	✗ 1. D ✓ 2. T ✗ 3. A ✗ 4. C	

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.36 जनवरी 2025 में, शुरू किए गए 'डेयर स्क्वायर' मोटरसाइकिल अभियान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. यह अभियान INS रणविजय की 37वीं वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में पूर्वी नौसेना कमान द्वारा शुरू किया गया था।
2. रैली का उद्देश्य आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, सड़क सुरक्षा और समुद्री विरासत को बढ़ावा देना है।
3. यह भारतीय वायु सेना के सहयोग से आयोजित किया गया था और इसमें भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शामिल किया गया था।
4. रैली का समापन अयोध्या में डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में हुआ, जो डोगरा रेजिमेंट के साथ नौसेना संबद्धता पर प्रकाश डालता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

Ans
✗ 1. केवल 1, 2 और 3
✗ 2. केवल 1 और 3
✓ 3. केवल 1, 2 और 4
✗ 4. केवल 2 और 4

Q.37 M, N, O, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। S तल क्रमांक 5 पर रहता है। O, S के ऊपर किसी तल पर रहता है। N के नीचे केवल T रहता है। U सम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है। M के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. चार
✓ 3. दो
✗ 4. एक

Q.38 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?

: TRV :: SQU : %

Ans
✗ 1. # = WZY, % = UQR
✗ 2. # = IOY, % = PWR
✗ 3. # = WUO, % = ZNR
✓ 4. # = WUY, % = PNR

Q.39 एक नाव को धारा के प्रतिकूल 62.3 km की यात्रा तय करने में 75 मिनट लगते हैं। स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात 3 : 2 है। नाव को धारा के प्रतिकूल 67.6 km और धारा के अनुकूल 35.8 km की यात्रा तय करने के लिए कुल कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 2.4
✓ 2. 1.5
✗ 3. 0.6
✗ 4. 4.1

Q.40 1 से 17 तक सभी प्राकृत संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
✗ 1. 9.5
✗ 2. 10
✓ 3. 9
✗ 4. 8.5

Q.41	निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (बाएं) 1 @ 2 2 7 © & 8 6 * # 9 3 6 & 6 # & * © @ 8 (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?	
Ans	✔ 1. 2 ✘ 2. 4 ✘ 3. 1 ✘ 4. 3	

Q.42	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 43 D 15 C 7 B 9 D (28 A 2) = ?	
Ans	✘ 1. 83 ✘ 2. 64 ✘ 3. 92 ✔ 4. 77	

Q.43	दिए गए व्यंजक का गुणनखंड कीजिए। $100a^2 + 300ab + 225b^2$	
Ans	✔ 1. $(10a + 15b)^2$ ✘ 2. $(15a - 10b)^2$ ✘ 3. $(15a + 10b)^2$ ✘ 4. $(10a - 15b)^2$	

Q.44	दो तिर्यक छेदी रेखाएँ S और T, अलग-अलग समांतर रेखाओं के एक समूह को काटती हैं। S, समांतर रेखाओं को बिंदु A, B, C और D पर काटती है तथा T, समानांतर रेखाओं को बिंदु E, F, G और H पर काटती है। यदि AB = 5 cm, CD = 3 cm और EF = 15 cm है, तो GH की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।	
Ans	✔ 1. 9 ✘ 2. 8 ✘ 3. 4 ✘ 4. 6	

Q.45	तुषार ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक से ₹2,00,000 की राशि उधार ली। 8% वार्षिक दर से 4 वर्ष बाद उसे साधारण ब्याज (₹ में) के रूप में कितनी राशि का भुगतान करना पड़ेगा?	
Ans	✘ 1. 63,000 ✘ 2. 65,000 ✘ 3. 2,64,000 ✔ 4. 64,000	

Q.46	एक समद्विबाहु त्रिभुज में, शीर्ष कोण 14° का माप है। प्रत्येक आधार कोण का माप कितना है?	
Ans	✘ 1. 79° और 79° ✘ 2. 103° और 103° ✘ 3. 86° और 86° ✔ 4. 83° और 83°	

Adda247

Q.47 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अजमेर के पास अरावली पर्वतमाला की पश्चिमी ढलानों से निकलती है, जहाँ इसे सागरमती के नाम से जाना जाता है?

Ans
- ✗ 1. सरस्वती
- ✗ 2. चंबल
- ✓ 3. लूनी
- ✗ 4. दृषद्वती

Q.48 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ 1. FA-KQ
- ✗ 2. WS-BH
- ✗ 3. RN-WC
- ✗ 4. XT-CI

Q.49 एक यूजर एमएस पॉवरपॉइंट में बुलेटेड सूची (bulleted list) बनाना चाहता है। सूची आइटम टाइप करने और Enter दबाने के बाद, वह एक सब-बुलेट पॉइंट (एक निम्न-स्तरीय बुलेट) क्रिएट करना चाहता है। निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया इसे विश्वसनीय रूप से प्राप्त करेगी?

Ans
- ✗ 1. Paragraph ग्रुप में 'Decrease List Level' बटन पर क्लिक करना
- ✗ 2. Alt + Enter दबाना
- ✓ 3. Paragraph ग्रुप में 'Increase List Level' बटन पर क्लिक करना
- ✗ 4. Ctrl + Tab दबाना

Q.50 राज्य विधानसभा में पहली बार अपना पद ग्रहण करने से पहले राज्य विधायकों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 188 के अंतर्गत क्या करना चाहिए?

Ans
- ✓ 1. शपथ लें या प्रतिज्ञान लें
- ✗ 2. परिसंपत्तियाँ घोषित करें
- ✗ 3. मुख्यमंत्री की स्वीकृति लें
- ✗ 4. पृष्ठभूमि की जाँच

Q.51 सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। J के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। J और K के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। O के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I, L के ठीक बाईं ओर बैठा है। P, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के सबसे दाहिने छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ 1. J
- ✗ 2. L
- ✗ 3. I
- ✓ 4. P

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AEU GLA MSG SZM ?

Ans
- ✗ 1. SGY
- ✓ 2. YGS
- ✗ 3. SYG
- ✗ 4. YSG

Q.53 RN 15 एक निश्चित तरीके से TM 7 से संबंधित है। उसी तरह LL 11, NK 3 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से MM 3 किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. LP −9
- ✗ 2. KN −5
- ✓ 3. OL −5
- ✗ 4. JG −7

Adda247

Q.54 एमएस-पावरपॉइंट 365 में .ppsx फ़ाइल फॉर्मेट का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. प्रेजेंटेशन के फ़ाइल साइज़ को कंप्रेस करना
2. प्रेजेंटेशन को रीड ओनली फ़ॉर्मेट (read-only format) में सेव करना
3. प्रेजेंटेशन को भविष्य में उपयोग के लिए टेम्पलेट के रूप में सेव करना
4. प्रेजेंटेशन को ऐसे फ़ॉर्मेट में सेव करना जो सीधे स्लाइड शो (Slide Show) मोड में ओपन हो ✔

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

163 131 99 67 35 ?

Ans
1. 12
2. 4
3. 3 ✔
4. 2

Q.56 निम्नलिखित प्रश्न में, अक्षरों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद की शर्तों के अनुसार संख्याओं एवं प्रतीकों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

अक्षर	U	M	S	J	P	T	F
कूट	7	4	@	$	%	*	6

शर्तें:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और तीसरा अक्षर व्यंजन है, तो दोनों अक्षरों को उस तीसरे अक्षर व्यंजन के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
2. यदि पहला और अंतिम अक्षर स्वर हैं, तो दोनों अक्षरों को 'N' के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
3. यदि दूसरा और अंतिम अक्षर स्वर हैं, तो उनके कूटों को आपस में बदला जाना है।

निम्नलिखित अक्षरों के लिए कूटों का सही संयोजन (केवल उपर्युक्त शर्तों का अनुसरण करके) क्या है?

AJSPT

Ans
1. 3 $ @ % *
2. 3 $ 3 % *
3. @ $ @ % * ✔
4. 3 $ % @ *

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कंप्यूटर सिस्टम में RAM और ROM के कार्यों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
1. ROM का उपयोग उस डेटा को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है जिसे संशोधित और राइट (write) किया जा सकता है, जबकि RAM फिक्स्ड डेटा को संग्रहीत करता है।
2. RAM नॉन-वोलेटाइल (non-volatile) है, जबकि ROM वोलेटाइल (volatile) है।
3. ROM का उपयोग सिस्टम फ़र्मवेयर (firmware) को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है, जबकि RAM ऐक्टिव प्रासेसेज के लिए अस्थायी डेटा संग्रहीत करता है। ✔
4. RAM का उपयोग ऑपरेटिंग सिस्टम और स्थायी फ़ाइलों (permanent files) को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है, जबकि ROM का उपयोग अस्थायी डेटा (temporary data) को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

Q.58 दुर्गा और महिषासुर के बीच नकली लड़ाई (mock fight) को किस नृत्य शैली द्वारा प्रदर्शित किया जाता है?

Ans
1. तरंगमेल
2. कालबेलिया
3. घूमर
4. डांडिया रास ✔

Q.59 भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल (Central Board of Directors) का कार्यकाल कितना है?

Ans
1. तीन वर्ष
2. दो वर्ष
3. पाँच वर्ष
4. चार वर्ष ✔

Adda247

Q.60 यदि किसी बिस्तर का विक्रय मूल्य प्रारंभिक मूल्य का 3 गुना है, तो लाभ प्रारंभिक लाभ का 4 गुना होगा। प्रारंभिक लाभ प्रतिशत (% में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 75
- ✗ 2. 133.33
- ✗ 3. 33.33
- ✓ 4. 200

Q.61 प्रिया की वर्तमान आयु के दोगुने और जया की वर्तमान आयु का योग 48 वर्ष है। संजय की आयु वर्तमान में जया की आयु से 2 गुना है। मोहित की वर्तमान आयु, प्रिया की वर्तमान आयु से 4 वर्ष अधिक है। संजय और मोहित की वर्तमान आयु का योग 46 वर्ष है। प्रिया और जया की वर्तमान आयु (वर्ष में) का योग कितना है?

Ans
- ✗ 1. 38
- ✗ 2. 15
- ✓ 3. 30
- ✗ 4. 40

Q.62 ओशन वुओंग (Ocean Vuong) का कौन-सा उपन्यास 19 वर्षीय हाई नामक एक ऐसे युवक की कहानी है जो डिमेंशिया से पीड़ित एक बुजुर्ग महिला का केयरटेकर बन जाता है?

Ans
- ✗ 1. ऑन अर्थ वी आर ब्रीफ़ली गोर्जेस
- ✗ 2. द नाइट स्काइ विद एक्ज़िट वूंड्स
- ✓ 3. द एम्परर ऑफ ग्लैडनेस
- ✗ 4. टाइम इज़ अ मदर

Q.63 पाइप A और पाइप B, एक खाली टंकी को क्रमशः 21 मिनट और 42 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B दोनों को एक साथ खोला जाता है। पाइप B को कितने समय बाद बंद कर देना चाहिए, ताकि खाली टंकी कुल 16 मिनट में पूरी तरह से भर जाए?

Ans
- ✗ 1. 15 मिनट
- ✗ 2. 12 मिनट
- ✗ 3. 5 मिनट
- ✓ 4. 10 मिनट

Q.64 $10x^2$ और $30xy$ का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $87y^2$
- ✓ 2. $90y^2$
- ✗ 3. $92y^2$
- ✗ 4. $93y^2$

Q.65 किसी व्यक्ति में पित्त वाहिनी का अवरुद्ध होना संभवतः किस विटामिन की कमी से सर्वाधिक होता है?

Ans
- ✓ 1. विटामिन B12
- ✗ 2. विटामिन A
- ✗ 3. विटामिन B1
- ✗ 4. विटामिन C

Q.66 हड़प्पाकालीन मुहरों पर सामान्यतः किस पशु/पक्षी का चित्रण किया गया था?

Ans
- ✗ 1. मोर
- ✓ 2. यूनिकॉर्न
- ✗ 3. गौरैया
- ✗ 4. घोड़ा

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.67 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M × N ÷ O + P – Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी
2. माता
3. पुत्री
4. बहन

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KNP ILN GJL EHJ ?

Ans
1. CEH
2. CFH
3. CEG
4. CFG

Q.69 H, O, L, D, E और R एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर की मंजिल का क्रमांक 6 है। L से ऊपर कोई नहीं रहता है। L और R के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। H, R से नीचे की किसी मंजिल पर रहता है। E सम संख्या वाली एक मंजिल पर रहता है। O विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन मंजिल संख्या 5 पर नहीं रहता है।
D और R के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. दो
2. एक
3. तीन
4. एक भी नहीं

Q.70 शान के पास ₹1,617 हैं। उसने इसे अपने बेटों पीयूष और मनोज में बाँट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि पीयूष और मनोज को क्रमशः 11 और 12 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। शान ने पीयूष को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. ₹697
2. ₹870
3. ₹847
4. ₹770

Q.71 भारत में लाभांश वितरण कर (DDT) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. DDT एक कंपनी के शेयरधारकों को दिए जाने वाले लाभांश पर लगाया जाने वाला कर था।
2. बजट 2025-26 में कंपनियों द्वारा निवेशकों को दिए जाने वाले डीडीटी (DDT) को हटाने का प्रस्ताव किया गया है।
3.DDT लाभांश पर दोहरे कराधान से बचने और भारतीय इक्विटी बाजार को अधिक आकर्षक बनाने के लिए डीडीटी (DDT) को हटा दिया गया।

Ans
1. केवल 2 और 3
2. 1, 2 और 3
3. केवल 1 और 2
4. केवल 1 और 3

Q.72 भारत की आकस्मिक निधि के संबंध में भारत के राष्ट्रपति के पास क्या शक्ति है?

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रपति इस निधि का नियंत्रण वित्त आयोग को सौंपते हैं।
- ✗ 2. राष्ट्रपति केवल निधि के उपयोग के संबंध में सलाह दे सकते हैं।
- ✗ 3. राष्ट्रपति निधि के वार्षिक संवितरण को मंजूरी देते हैं।
- ✓ 4. राष्ट्रपति अप्रत्याशित व्यय के लिए अग्रिम धनराशि देने हेतु इस निधि को नियंत्रित करते हैं।

Q.73 किस अधिनियम ने महारानी को उच्च न्यायालयों की स्थापना के लिए लेटर्स पेटेंट जारी करने का अधिकार दिया?

Ans
- ✗ 1. विनियमन अधिनियम, 1773
- ✓ 2. भारतीय उच्च न्यायालय अधिनियम, 1861
- ✗ 3. भारत सरकार अधिनियम, 1935
- ✗ 4. चार्टर अधिनियम, 1833

Q.74 किस मौर्य शासक ने विदेशों में बौद्ध धर्म प्रचारक भेजे थे?

Ans
- ✗ 1. सम्प्रति
- ✗ 2. बिंदुसार
- ✗ 3. चंद्रगुप्त द्वितीय
- ✓ 4. अशोक

Q.75 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

69 ÷ 11 + 408 × 6 − 14 = ?

Ans
- ✗ 1. 715
- ✓ 2. 705
- ✗ 3. 710
- ✗ 4. 720

Q.76 $50 \div \left\{3 \times \left(\frac{8}{6} \text{ of } \frac{6}{6}\right)\right\}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{27}{2}$
- ✗ 2. $\frac{23}{2}$
- ✗ 3. $\frac{31}{2}$
- ✓ 4. $\frac{25}{2}$

Q.77 यदि संख्या 596432 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✓ 1. 8
- ✗ 2. 12
- ✗ 3. 6
- ✗ 4. 10

Q.78 किसी स्प्रेडशीट से कॉपी किए गए कंटेंट को इन्सर्ट करने के लिए एमएस वर्ड में 'Paste Special' फ़ंक्शन का उपयोग करते समय, निम्न में से कौन-सा पेस्ट आप्शन, वर्ड डॉक्यूमेंट में गणना किए गए मानों को डिस्प्ले करते हुए मूल सूत्र गणनाओं को संरक्षित करेगा?

Ans
- ✗ 1. HTML फ़ॉर्मेट (HTML Format)
- ✗ 2. अनफ़ॉर्मेटेड टेक्स्ट (Unformatted Text)
- ✓ 3. एमएस एक्सेल वर्कशीट ऑब्जेक्ट (MS Excel Worksheet Object)
- ✗ 4. पिक्चर (एन्हांस्ड मेटाफ़ाइल - Enhanced Metafile)

Adda247

Q.79 उपोष्णकटिबंधीय जेट धारा निम्नलिखित में से किसके द्वारा मानसून की वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है?

Ans
✗ 1. ITCZ को तीव्र करना
✗ 2. उष्णकटिबंधीय पूर्वी हवाओं को प्रतिस्थापित करना
✗ 3. शीत वायु के अभिवहन को सक्रिय करना
✓ 4. भूमि पर अवतलन को प्रेरित करना

Q.80 जनवरी से दिसंबर 2024 के दौरान आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार भारत में बेरोजगारी दर कितनी थी?

Ans
✗ 1. 16.5%
✗ 2. 5.6%
✓ 3. 3.2%
✗ 4. 2.1%

Q.81 2025 में लॉन्च किए गए विक्रम 3201 माइक्रोप्रोसेसर को बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस तकनीक का उपयोग किया गया था?

Ans
✗ 1. 250nm CMOS तकनीक
✗ 2. 90nm CMOS तकनीक
✗ 3. 350nm CMOS तकनीक
✓ 4. 180nm CMOS तकनीक

Q.82 श्रीमान I बिंदु J से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 किमी ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह अंतिम दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करके बिंदु K पर रुक जाता है। बिंदु J पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 13 km, दक्षिण की ओर
✗ 2. 11 km, उत्तर की ओर
✗ 3. 10 km, पूर्व की ओर
✓ 4. 10 km, पश्चिम की ओर

Q.83 विनिवेश से प्राप्त आय सरकार के गैर-कर राजस्व में योगदान करती है। भारत में विनिवेश का प्रबंधन कौन-सी संस्था करती है?

Ans
✗ 1. SEBI
✗ 2. RBI
✗ 3. NABARD
✓ 4. DIPAM

Q.84 कच्छ और काठियावाड़ तट किस भारतीय राज्य में स्थित हैं?

Ans
✓ 1. गुजरात
✗ 2. गोवा
✗ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. राजस्थान

Q.85 यदि k का 25%, 25 के 1200% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 1160
✗ 2. 1120
✗ 3. 1200
✗ 4. 1140

Q.86 1602 में स्थापित निम्नलिखित में से कौन-सी कंपनी 'वेरेनिगडे ओस्टिन्डिशे कॉम्पैग्नी (Verenigde Oostindische Compagnie - VOC)' के नाम से भी जानी जाती है?

Ans
1. जर्मन ईस्ट इंडिया कंपनी ✗
2. ऑस्ट्रियन ईस्ट इंडिया कंपनी ✗
3. पुर्तगाली ईस्ट इंडिया कंपनी ✗
4. डच ईस्ट इंडिया कंपनी ✓

Q.87 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
12 - 13 - 17 - 20 ; 22 - 23 - 27 - 30

Ans
1. 4 - 8 - 12 - 16 ✗
2. 44 - 45 - 49 - 52 ✓
3. 32 - 33 - 37 - 41 ✗
4. 56 - 57 - 60 - 65 ✗

Q.88 एमएस पावरपॉइंट 2019 में, जब आप टेक्स्ट बॉक्स में टाइप करते समय एंटर कुंजी दबाते हैं, तो क्या होता है?

Ans
1. कर्सर उसी टेक्स्ट बॉक्स में अगली पंक्ति पर चला जाता है। ✓
2. टेक्स्ट डिलीट हो जाता है। ✗
3. टेक्स्ट एक नई स्लाइड में प्रविष्ट किया जाता है। ✗
4. टेक्स्ट बॉक्स का आकार स्वचालित रूप से बदल दिया जाता है। ✗

Q.89 एक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक दिए गए हैं। अंकों का मानक विचलन (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

65, 47, 59, 75, 82, 91, 55 और 78

Ans
1. 14.25 ✗
2. 15.05 ✗
3. 13.99 ✓
4. 12.53 ✗

Q.90 निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

34, 78, 58, 65, 64, 73, 21, 88, 13, 11, 70

Ans
1. 65 ✗
2. 63.5 ✗
3. 64.5 ✗
4. 64 ✓

Q.91 निम्नलिखित में से कौन संगम साहित्य के एट्टुट्टोकै (आठ संकलन) में से एक नहीं है?

Ans
1. तोल्कप्पियम (Tolkappiyam) ✓
2. नण्णिनै (Narrinai) ✗
3. पुरुनानरु (Purananuru) ✗
4. कुरुन्थोकै (Kuruntokai) ✗

Adda247

Q.92 एक बुकशेल्फ़ का अंकित मूल्य ₹397 है, जो क्रय मूल्य से 28% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 3% है, तो छूट प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16.89%
2. 18.13%
3. 21.31%
4. 19.53% ✔

Q.93 $\left(\sec\theta - \frac{1}{\sec\theta}\right) \times \left(\operatorname{cosec}\theta - \frac{1}{\operatorname{cosec}\theta}\right) \times \left(\sin\theta - \frac{1}{\sin\theta}\right)$ को सरल कीजिए।

Ans
1. $\cos^3\theta$
2. $-\cos^3\theta$ ✔
3. $\sin^3\theta$
4. $-\sin^3\theta$

Q.94 न्यायमूर्ति सैयद शाह मोहम्मद क़ादरी द्वारा वर्गीकृत, निम्नलिखित में से कौन-सी न्यायिक समीक्षा की श्रेणी नहीं है?

Ans
1. संसद और राज्य विधानमंडलों के विधिनिर्माण और अधीनस्थ विधिनिर्माण की न्यायिक समीक्षा
2. सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायिक नियुक्तियों की न्यायिक समीक्षा ✔
3. संघ और राज्य तथा राज्य के अधीन प्राधिकारियों की प्रशासनिक कार्रवाई की न्यायिक समीक्षा
4. संवैधानिक संशोधनों की न्यायिक समीक्षा

Q.95 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

982 980 976 970 962 ?

Ans
1. 952 ✔
2. 954
3. 948
4. 950

Q.96 29 मार्च 2025 को नई दिल्ली में 'पर्यावरण – 2025' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया था?

Ans
1. अमित शाह
2. द्रौपदी मुर्मू ✔
3. नरेंद्र मोदी
4. सोनिया गांधी

Q.97 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 325 503 158 391 144 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 0
2. 1 ✔
3. 2
4. 4

Adda247

Q.98 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JF-LH-NP
HD-JF-LN

Ans
1. LH-NJ-PR ✔
2. KH-NJ-PS ✘
3. KH-NI-PS ✘
4. LH-NJ-PS ✘

Q.99 मेंडेलीव के समय में निम्नलिखित में से कौन-से तत्व नहीं खोजे गए थे?

Ans
1. क्लोरीन और फ्लुओरीन ✘
2. हाइड्रोजन और नाइट्रोजन ✘
3. रेडॉन और पोलोनियम ✔
4. गैलियम और जर्मेनियम ✘

Q.100 2024 में, भारत ने अधिग्रहण में देरी को कम करने के लिए किस रक्षा खरीद नीति में फास्ट-ट्रैक खरीद खंड पेश किया?

Ans
1. रक्षा खरीद मैनुअल ✘
2. मेक इन इंडिया रक्षा प्रोटोकॉल ✘
3. रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया ✔
4. रक्षा ऑफसेट नीति ✘

Adda247